# RRC
# Group D

## Previous Year Paper
### (18 Sep 2018 Shift 1)
### Hindi

Adda247

GET IT ON Google Play

## 100 Questions

**Que. 1** (136 ÷ 17) + (17 × 13) – (103 – 85) × (62 + 145) ÷ 23 = ?

1. 75
2. 67
3. 59
4. 76

Correct Option - **2**

**Que. 2** 120 वाट का एक विद्युत लैम्प प्रति दिन 8 घंटे के लिए उपयोग किया जाता है। एक दिन में लैम्प द्वारा खर्च की गई ऊर्जा की इकाइयों की गणना करें।

1. 16.00 इकाई
2. 1.50 इकाई
3. 0.96 इकाई
4. 2.00 इकाई

Correct Option - **3**

**Que. 3** वाटरलू का युद्ध किस वर्ष में लड़ा गया था?

1. 1835
2. 1815
3. 1850
4. 1840

Correct Option - **2**

**Que. 4** निम्नलिखित में से कौन इस समूह से संबंधित नहीं है?

A. कपास
B. ऊन
C. रेयॉन
D. कार्डबोर्ड

1. D
2. B
3. C
4. A

Correct Option - **1**

**Que. 5** दो प्रतिरोधक, एक 10 Ω और दूसरा 20 Ω एक 6 V बैटरी की श्रृंखला में जुड़े हुए हैं। परिपथ में विद्युत प्रवाह होगा?

1. 0.3 A
2. 0.2 A
3. 0.9 A
4. 0.6 A

Adda247

Correct Option - **2**

**Que. 6** यदि '+', '÷' बन जाता है और '×', '+' बन जाता है, तो {(36 + 6) + 6} × 12 का मान क्या है?

1. 12
2. 6
3. 13
4. 21

Correct Option - **3**

**Que. 7** सलोनी 450 मी की दूरी कितने समय में तय कर सकती है, यदि वह 20 किमी/घंटा की गति से दौड़ती है?

1. 81 सेकंड
2. 320 सेकंड
3. 3 मिनट
4. 102 सेकंड

Correct Option - **1**

**Que. 8** एक दुकानदार को एक पुस्तक ₹ 25.65 में बेचने पर 5% की हानि होती है। यदि वह इसे ₹ 31.05 में बेचता है, तब उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिये।

1. लाभ 15%
2. हानि 15%
3. लाभ 10%
4. हानि 10%

Correct Option - **1**

**Que. 9** निम्नलिखित कथन और धारणाओं पर विचार कीजिए और निर्णय लीजिए कि दिए गए कथन में से कौन सी धारणाएं निहित हैं।

**कथन:**

स्कूल प्रबंधन ने कक्षा V से नीचे के बच्चों के लिए अनिवार्य तैराकी सत्र शुरू किया है।

**धारणा:**

I. छोटे बच्चे जल्दी से तैराकी सीखते हैं।
II. स्कूल बच्चों के समग्र विकास को बढ़ाना चाहता है।

1. धारणा I और II दोनों निहित हैं
2. न तो धारणा I और न ही II निहित है
3. केवल धारणा II निहित है
4. केवल धारणा I निहित है

Correct Option - **3**

**Que. 10** इनमें से कौन सा समारोह भारत के विकास में विदेशी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को मनाया जाता है?

1. उन्नतीय भारत दिवस (UBD)

Adda247
GET IT ON Google Play

2. प्रवासी भारतीय विकास दिवस (OIDD)
3. अखिल भारतीय दिवस (और)
4. प्रवासी भारतीय दिवस (PBD)

Correct Option - **4**

---

**Que. 11** जब निम्न दशमलव संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है तब कौन सी दशमलव संख्या बीच में होगी?

5.74, 6.03, 0.8, 0.658 और 7.2

1. 6.03
2. 5.74
3. 7.2
4. 0.8

Correct Option - **2**

---

**Que. 12** यदि एक कूट भाषा में, COCK को DPDL लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में HEN को कैसे लिखा जाता है?

1. HEO
2. IDP
3. ICO
4. IFO

Correct Option - **4**

---

**Que. 13** दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैंदिए गए कथन/कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और चयन कीजिए कि निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**

I. कुछ पिन धातु हैं।

II. कुछ क्लिप धातु हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ धातु पिन हैं।


II. कुछ पिन क्लिप हैं।

1. दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
2. केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है
3. केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है
4. कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

Correct Option - **3**

---

**Que. 14** निम्नलिखित चित्र में कितने आयत हैं?



1. 20
2. 21

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

3. 22
4. 24

Correct Option - **4**

**Que. 15** $\{(.98)^3 + (0.02)^3 + 3 \times 0.98 \times 0.02 - 1\}$ का मान ज्ञात कीजिये।

1. 1.98
2. 1.09
3. 1.562
4. 0

Correct Option - **4**

**Que. 16** केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने गणतंत्र दिवस परेड में 2018 की सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार किस राज्य को दिया?

1. कर्नाटक
2. गोवा
3. महाराष्ट्र
4. गुजरात

Correct Option - **3**

**Que. 17** इनमें से कौन सा एक सरल स्थायी ऊतक नहीं है?

1. दृढ़ोतक
2. मृदूतक
3. जाइलम
4. श्लेषोतक

Correct Option - **3**

**Que. 18** $\sin^2 60° + \cos^2 30° + \cot^2 45° + \sec^2 60° = ?$

1. 15/2
2. 13/2
3. 7/2
4. 5/2

Correct Option - **2**

**Que. 19** निम्न प्रश्न को पढ़िए और तय कीजिये कि कौन सा/कौन से समीकरण प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं?

प्रश्न:

x का मान क्या है?

समीकरण:

1. $x^2 - 18x + 81 = 0$

2. $p + q + r = 0$

1. केवल 1 पर्याप्त है
2. या तो 1 या फिर 2 पर्याप्त है

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

3. ना तो 1 और ना ही 2 पर्याप्त है
4. केवल 2 पर्याप्त है

Correct Option - **1**

---

**Que. 20** सोल्यूशन का pH दिया गया है। कौन सा सोल्यूशन उच्चतम सांद्रता युक्त हाइड्रोजन आयन है?

1. 10.1
2. 4.7
3. 2.4
4. 8.0

Correct Option - **3**

---

**Que. 21** एक ट्रेन 110 मी लंबे एक प्लेटफार्म को 13.5 सेकंड में और 205 मी लंबे प्लेटफार्म को 18.25 सेकंड में पार करती है। ट्रेन की गति क्या है?

1. 72 किमी/घंटा
2. 66 किमी/घंटा
3. 69 किमी/घंटा
4. 75 किमी/घंटा

Correct Option - **1**

---

**Que. 22** एक टंकी दो नलों A और B द्वारा 4 घंटों में भरी जाती है। भरा होने पर, टंकी एक तीसरे नल C द्वारा 8 घंटे में खाली की जा सकती है। यदि उसी समय सभी नलों को खोल दिया जाता है, तब टंकी कितने घंटों में भर जाएगी?

1. 4 घंटे
2. 8 घंटे
3. 16 घंटे
4. 8/3 घंटे

Correct Option - **2**

---

**Que. 23** आद्या उत्तर की ओर 500 मीटर चलती है और फिर बाएं मुड़ती है और 250 मीटर चलती है, वह अपनी प्रारंभिक स्थिति के संबंध में किस दिशा में है?

1. दक्षिण-पूर्व
2. उत्तर-पश्चिम
3. उत्तर-पूर्व
4. दक्षिण-पश्चिम

Correct Option - **2**

---

**Que. 24** इनमें से किस पौधे में पौधे के शरीर को जड़ों, तने और पत्तियों में विभेदित नहीं किया जाता है?

1. रिक्सिया
2. कैरा
3. मार्सिले
4. स्पाइरोगाइरा

Correct Option - **4**

**Que. 25** दिए गए कथन पर विचार कीजिए और निर्णय लीजिए कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित है/हैं।

कथन:

"अंतिम परीक्षा पास आ रही हैं", रीना ने अपनी बेटियों को याद दिलाया।

धारणा:

वह चाहती है कि वे अपनी अध्ययन सूची को ध्यान में रखें।

वह चाहती है कि वे अपनी परीक्षा को गंभीरता से लें।

1. I और II दोनों निहित हैं।
2. केवल II निहित है।
3. न तो I और न ही II निहित है।
4. केवल I निहित है।

Correct Option - **1**

**Que. 26** औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के भीतर जनता को लाने के उद्देश्य की केंद्र सरकार की पहल को क्या कहा जाता है:

1. जन बैंक योजना
2. जन धन योजना
3. जन आदमी योजना
4. जन रुपया योजना

Correct Option - **2**

**Que. 27** मार्च 2018 में, उड़ीसा के पुरी में आयोजित नबाकलेबारा उत्सव के अवसर पर 1,000 रु. और 10 रु. के स्मारक सिक्के किसने जारी किये?

1. उड़ीसा के राज्यपाल
2. उड़ीसा के मुख्य मंत्री
3. भारत के प्रधान मंत्री
4. भारत के राष्ट्रपति

Correct Option - **4**

**Que. 28** 4 + 4.44 + 44.4 + 4.04 + 444 – 20 = ?

1. 480.88
2. 472.88
3. 495.22
4. 577.2

Correct Option - **1**

**Que. 29** आधुनिक आवर्त सारणी के किस समूह में हैलोजन को स्थापित किया गया है?

1. 16वें
2. 18वें
3. पहले

Adda247
GET IT ON Google Play

4. 17वें

Correct Option - **4**

**Que. 30** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एस सेल्वाकुमार को 16 जनवरी, 2018 से ________ के नए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

1. विकास एवं शैक्षिक संचार इकाई (DECU)
2. भारत प्रतिभूत मुद्रण एवं निर्माण निगम लिमिटेड (SPMCIL)
3. SHAR सेंटर
4. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC)


Correct Option - **2**

**Que. 31** एक कार 44 किमी की दूरी $2\frac{3}{4}$ लीटर पेट्रोल में तय करती है। कार 1 लीटर पेट्रोल का उपयोग करके कितनी दूरी तय कर सकती है?

1. 19 किमी
2. 16 किमी
3. 13 किमी
4. 15 किमी

Correct Option - **2**

**Que. 32** बेजोड़ को ज्ञात कीजिए।




1. D
2. A
3. B
4. C

Correct Option - **1**

**Que. 33** निम्न में से कौन सा हार्मोन युवावस्था के समय लड़कों में दिखाई देने वाली उपस्थिति में बदलाव लाता है है?

1. थाय्रोक्सिन
2. टेस्टोस्टेरोन
3. पशु हॉर्मोन
4. इन्सुलिन

Correct Option - **2**

**Que. 34** इनमें से कौन सा राज्य 31 जनवरी से 8 फरवरी 2018 तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (KISG) के पहले (उद्घाटन) संस्करण के समग्र चैंपियन के रूप में उभरा?

1. हरियाणा

2. गुजरात
3. महाराष्ट्र
4. उत्तर प्रदेश

Correct Option - **1**

---

**Que. 35** वेलु थम्पी दलवा किस भारतीय रियासत से थे? जिन्हें अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए जाना जाता है।

1. चोल साम्राज्य
2. मैसूर साम्राज्य
3. विजयनगर
4. त्रावणकोर

Correct Option - **4**

---

**Que. 36** उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

ग्लास : पारदर्शी :: लकड़ी : ?

1. फर्नीचर
2. पेंट
3. ब्लॉक
4. अपारदर्शी

Correct Option - **4**

---

**Que. 37** यदि दो असमान द्रव्यमानों में समान गतिज ऊर्जा होती है तो भारी द्रव्यमान में ___ होता है।

1. समान संवेग
2. कम संवेग
3. अधिक संवेग
4. कह नहीं सकते

Correct Option - **3**

---

**Que. 38** यदि 15 लड़के 5 दिनों में ₹ 750 अर्जित करते हैं, तब 25 लड़के 6 दिनों में कितनी धनराशि अर्जित करेंगे?

1. ₹ 960
2. ₹ 1500
3. ₹ 1200
4. ₹ 900

Correct Option - **2**

---

**Que. 39** इनमें से किस यौगिक में क्रिस्टलीकरण जल **नहीं** है?

1. जिप्सम
2. धावन सोडा
3. कॉपर सल्फेट
4. बेकिंग सोडा

Correct Option - **4**

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Que. 40** समय के साथ लंबवत फेंकी गई गेंद का वेग होगा:

1. नीचे की ओर सकारात्मक
2. नीचे की ओर नकारात्मक
3. ऊपर की ओर नकारात्मक
4. ऊपर की ओर सकारात्मक

Correct Option - **4**

**Que. 41** एक कथन और उसके बाद I और II से अंकित दो धारणाएं दी गई हैं। दिए गये कथन और उनके बाद दी गयीं धारणाओं के आधार पर तय करना है कि कथन में निम्न में से कौन-सी धारणा कथन में निहित है।

**कथन:**

वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों को बिना किसी प्राकृतिक संसाधन (जैसे- पानी, मिटटी, जैव विविधता, तेल, खनिजों) को नष्ट किये बिना पूरा करने को स्थायित्व के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

**धारणा:**

I. हमारा जीवन और अर्थव्यवस्थाएं प्राकृतिक पूंजी पर निर्भर हैं, जो इन प्राकृतिक संसाधनों और प्राकृतिक सेवाओं, तथा सूर्य द्वारा प्रदान की गई ऊर्जा से बना है।
II. जैसा कि हर निवेशक यह जानता है, कि हमें अपनी पूंजी निवेश करनी चाहिए और इससे मिलने वाले ब्याज का उपयोग करना चाहिए जो हमें हमारी निवेश की गई पूंजी से प्राप्त होता है। सतत रूप से जीने के लिए, हमें यही करने की आवश्यकता है: प्राकृतिक पूंजी की रक्षा करें और जैविक आय से दूर रहें।


1. केवल धारणा II निहित है।
2. न तो धारणा I और न ही II निहित है।
3. केवल धारणा I निहित है।
4. I और II दोनों धारणा निहित हैं।


Correct Option - **4**


Adda247

**Que. 42** निम्नलिखित में से कौन सा वेन आरेख दी गयी श्रेणियों के बीच के संबंध को सबसे बेहतर रूप से दर्शाता है?


A. मेज
B. कपड़ा
C. लकड़ी

1. 


2. 


3. 

Adda247
GET IT ON Google Play

4. 


Correct Option - **3**

---

**Que. 43** यदि दक्षिण, दक्षिण-पूर्व बन जाता है, तो उत्तर क्या बन जाएगा?

1. दक्षिण - पश्चिम
2. उत्तर - पूर्व
3. दक्षिण - पूर्व
4. उत्तर – पश्चिम

Correct Option - **4**

---

**Que. 44** लता घर पर 20 किग्रा पनीर बनाती है और प्रत्येक सुबह इसे बेचती है। 1 लीटर दूध से, वह 200 ग्राम पनीर बनाती है। 1 लीटर दूध का मूल्य ₹ 40 है। वह प्रतिदिन पनीर के उत्पादन में कितनी धनराशि व्यय करती है?

1. ₹ 3,000
2. ₹ 4,000
3. ₹ 2,000
4. ₹ 2,500

Correct Option - **2**

---

**Que. 45** यदि समीकरण $x^2 - x - 1 = 0$ के मूल $\alpha$ और $\beta$ हैं, तब $\alpha/\beta$ और $\beta/\alpha$ मूल वाला समीकरण क्या होगा?

1. $x^2 + 3x - 1 = 0$
2. $x^2 + x - 1 = 0$
3. $x^2 - x + 1 = 0$
4. $x^2 + 3x + 1 = 0$

Correct Option - **4**

---


**Que. 46** यदि $a + b + c = 2s$ है, तब $[(s - a)^2 + (s - b)^2 + (s - c)^2 + s^2] = ?$

1. $(s^2 - a^2 - b^2 - c^2)$
2. $(s^2 + a^2 + b^2 + c^2)$
3. $(a^2 + b^2 + c^2)$
4. $(4s^2 - a^2 - b^2 - c^2)$

Correct Option - **3**

---

**Que. 47** बेजोड़ ज्ञात कीजिए।




1. B

Adda247 GET IT ON Google Play

2. C
3. D
4. A

Correct Option - **3**

**Que. 48** आपको दिए गये कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निर्धारित कीजिये कि दिए गये निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

**कथन:**

1. कोई ग्लास पैडल नहीं है।
2. सभी पैडल ब्रेक हैं।

निष्कर्ष:

1. सभी ब्रेक पैडल हैं।
2. कुछ ब्रेक पैडल हैं।
3. कोई ब्रेक ग्लास नहीं है।

1. केवल निष्कर्ष 3 अनुसरण करता है
2. केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है
3. सभी तीन निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
4. केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है

Correct Option - **2**

**Que. 49** निनिम्लिखित में से कौन सा जानवर मुकलन (बडिंग) द्वारा पुनरुत्पादित करता है और पुनर्जनन कार्यान्वित कर सकता है?

1. हाइड्रा
2. प्लाज्मोडियम
3. प्लानारिया
4. खमीर

Correct Option - **1**

**Que. 50** यदि उत्तर-पूर्व, उत्तर बन जाता है, तो पूर्व क्या बनेगा?

1. दक्षिण-पूर्व
2. उत्तर-पूर्व
3. उत्तर-पश्चिम
4. दक्षिण-पश्चिम

Correct Option - **2**

**Que. 51** करेवा, जो मिट्टी/गाद का प्रकार है, यह भारत के किस राज्य में पायी जाती है?

1. जम्मू और कश्मीर
2. पश्चिम बंगाल
3. राजस्थान
4. नगालैंड

Correct Option - **1**

Adda247

**Que. 52** दिए गए विकल्पों में से संख्या 987x54 के लिए लुप्त अंक ‘x’ ज्ञात कीजिये, जिससे संख्या 6 से पूर्णतः विभाज्य हो जाये।

1. 5
2. 3
3. 2
4. 1

Correct Option - **2**

**Que. 53** विद्युत बल्ब आमतौर पर ________ जैसी रासायनिक-निष्क्रिय गैसों से भरे होते हैं।

1. हाइड्रोजन
2. ऑक्सीजन
3. नाइट्रोजन
4. क्लोरीन

Correct Option - **3**

**Que. 54** यदि एक आयत की लंबाई और चौड़ाई में क्रमशः 8% और 12% की वृद्धि की जाती है, तब उस आयत के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

1. 22%
2. 24%
3. 20%
4. 20.96%

Correct Option - **4**

**Que. 55** परमाणु संख्याओं के आधार पर तत्वों को किसने वर्गीकृत किया?

1. न्यूलैंड्स
2. मेंडलीव
3. डॉबेराइनर
4. मोसली

Correct Option - **4**

**Que. 56** फेमिना मिस इंडिया 2018 का ताज किसे पहनाया गया है?

1. अनुकृति वास
2. श्रेया राव कामवरपु
3. सुनैना कामथ
4. मीनाक्षी चौधरी

Correct Option - **1**

**Que. 57** एक रासायनिक प्रतिक्रिया जिसमें ऊष्मा उत्पन्न होती है उसे ________ कहा जाता है।

1. ऊष्माशोषी प्रतिक्रिया
2. ऊष्माक्षेपी प्रतिक्रिया
3. ज्वलन प्रतिक्रिया

4. विस्थापन प्रतिक्रिया

Correct Option - **2**

**Que. 58** युजवेंद्र चहल इनमें से किस खेल से संबंधित हैं?

1. टेनिस
2. हॉकी
3. निशानेबाजी
4. क्रिकेट

Correct Option - **4**

**Que. 59** 2017 में मुख्य भूमिका (पुरुष) पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार किसने जीता?

1. शाहरुख खान
2. रणवीर सिंह
3. आमिर खान
4. रणबीर कपूर

Correct Option - **3**

**Que. 60** निम्नलिखित में से कौन इस समूह से संबंधित नहीं है?

A. नाख़ून

B. बाल

C. मुँहासे

D. पैर की अंगूठा

1. A
2. D
3. B
4. C

Correct Option - **4**

**Que. 61** निम्नलिखित श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

16, 18, 22, 24, 28, 30,?

1. 25
2. 30
3. 27
4. 34

Correct Option - **4**

**Que. 62** आपको दिए गये कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निर्धारित कीजिये कि दिए गये निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

**कथन:**

I. सभी कवर प्लास्टिक हैं।

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

II. सभी प्लास्टिक विषाक्त हैं।
निष्कर्ष:

1. सभी प्लास्टिक कवर हैं।
2. सभी विषाक्त कवर हैं।

1. सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
2. केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है
3. केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है
4. कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

Correct Option - **4**

---

**Que. 63** एक समुच्चय में चार संख्याएँ हैं। तीन सबसे छोटी संख्याओं का माध्य 9 है, जबकि तीन सबसे बड़ी संख्याओं का माध्य 11 है। समुच्चय की रेंज क्या है?

1. 3
2. 6
3. 9
4. 5

Correct Option - **2**

---

**Que. 64** वह बिंदु जहाँ किसी वस्तु का संपूर्ण भार कार्य करता है, उसे ________ के रूप में जाना जाता है।

1. घर्षण का केंद्र
2. क्षेत्र का केंद्र
3. गुरुत्व का केंद्र
4. दाब का केंद्र

Correct Option - **3**

---

**Que. 65** $22-\left[23-\left\{24-\left(27-\overline{25-30}\right)\right\}\right]=?$

1. -7
2. 7
3. -9
4. -8

Correct Option - **3**

---

**Que. 66** यदि '+' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '-' है, '-' का अर्थ '×' है और '×' का अर्थ '+', तो निम्नलिखित समीकरण का मान ज्ञात कीजिए।

80 + 20 ÷ 5 - 12 × 92

1. 28
2. 22
3. 36
4. 35

Correct Option - **3**


Adda247

**Que. 67** चंद्रमा पर किसी वस्तु का भार पृथ्वी पर उसके भार का कितना गुना है?

1. 1/5 गुना
2. 1/6 गुना
3. 5 गुना
4. 6 गुना

Correct Option - **2**

**Que. 68** निम्नलिखित आकृति में वर्गों की संख्या ज्ञात कीजिए।




1. 22
2. 21
3. 23
4. 20


Correct Option - **2**

**Que. 69** निम्नलिखित में से कौन सी विकल्प आकृतिओं को प्रश्न आकृति बनाने के लिए मिलाया जाना चाहिए?

प्रश्न आकृति



विकल्प आकृति




1. C, D और A
2. A और D
3. B, C और D
4. C और D

Correct Option - **1**

**Que. 70** कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड का सही सूत्र है:

1. $CaOH_2$
2. $Ca_2OH$

Adda247 GET IT ON Google Play

3. $Ca(OH)_2$
4. CaOH

Correct Option - **3**

**Que. 71** के. आर. मीरा द्वारा लिखी गई उस पुस्तक का नाम बताइए जो राजनीतिक विश्वसनीयता और आदर्शवाद की कीमत के बारे में प्रासंगिक प्रश्न उठाती है।

1. जिलेटिन
2. नेथ्रोमिलानम
3. द गोसपेल ऑफ यूदास
4. आराचार

Correct Option - **3**

**Que. 72** एक कक्षा में, 9 लड़के और कुछ लड़कियां थीं। एक टेस्ट में, लड़कों के द्वारा प्राप्त अंकों का माध्य 13 था जबकि लड़कियों का 15 था। यदि कुल औसत 14.28 था, तब कक्षा में छात्रों की कुल संख्या क्या थी?

1. 24
2. 26
3. 27
4. 25

Correct Option - **4**

**Que. 73** ममता, सूर्या की मां है। ममता का भाई, सूर्या के भाई से कैसे संबंधित है?

1. दादा
2. पिता
3. भाई
4. मामा

Correct Option - **4**

**Que. 74** देश में दबाव की समस्याओं के समाधान के लिए मशीन लर्निंग (ML) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग कर रहे भारतीय स्टार्टअप्स के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए व्यापक मेंटरशिप प्रोग्राम का नाम है:

1. लॉन्चपैड एक्सलेरेटर इंडिया
2. आधुनिकीकरण त्वरक भारत
3. स्वचालन त्वरक भारत
4. MLAI त्वरक भारत

Correct Option - **1**


**Que. 75** जल से लेकर काँच तक प्रकाश की एक किरण गुजरती है। यह मुड़ती है________I

1. सामान्य से दूर और गति पकड़ती है।
2. सामान्य से दूर और धीमी हो जाती है।
3. सामान्य की ओर धीमी हो जाती है।
4. सामान्य की ओर और गति पकड़ती है।


Correct Option - **3**

**Que. 76** विकल्प आकृतियों में से कौन सी आकृति प्रश्न आकृति के सबसे समान दिखती है?

प्रश्न आकृति:



विकल्प आकृति:




1. B
2. A
3. D
4. C

Correct Option - **3**

**Que. 77** 40 किलोग्राम की एक लड़की दौड़कर एक विमान की सीढ़ियां 4 सेकंड में 5 मीटर चढ़ती है। उसके द्वारा विकसित शक्ति ________ होगी।

( g = 10 m/$s^2$ लें)

1. 100 वाट
2. 200 वाट
3. 500 वाट
4. 2000 वाट

Correct Option - **3**

**Que. 78** यदि ₹ 686 को चार भागों में $\frac{1}{2}$ : $\frac{2}{3}$ : 3 : 4, के अनुपात में विभाजित किया जाता है, तब पहला भाग ज्ञात कीजिये।

1. ₹ 52
2. ₹ 42
3. ₹ 56
4. ₹ 48

Correct Option - **2**

**Que. 79** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए ______ को देश भर में 8वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया।

1. 28 जनवरी
2. 25 जनवरी
3. 24 जनवरी
4. 26 जनवरी

Correct Option - **2**

Adda247
GET IT ON Google Play

**Que. 80** यूरोप की सबसे लंबी नदी कौन सी है?

1. डेन्यूब
2. वोल्गा
3. यूराल
4. राइन

Correct Option - **2**

**Que. 81** ₹ 50000 पर 6 महीनों में 12% प्रति वर्ष की दर पर तिमाही संयोजित होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिये।

1. ₹ 3045
2. ₹ 2875
3. ₹ 3125
4. ₹ 2965

Correct Option - **1**

**Que. 82** महिला और बाल विकास मंत्रालय ने 11 अगस्त 2016 को ________ को चिह्नित करने के लिए एक सोशल मीडिया अभियान शुरू किया था।

1. महिला दिवस
2. पुत्री दिवस
3. पुत्र दिवस
4. पुरुष दिवस


Correct Option - **2**

**Que. 83** चुंबकीय क्षेत्र के संबंध में कुंडल की गति की दिशा ________ होने पर प्रेरित धारा उच्चतम होती है।

1. 0°
2. 45°
3. 180°
4. 90°

Correct Option - **4**

**Que. 84** **निर्देश:** निम्न आलेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और उस पर आधारित प्रश्न का उत्तर दीजिये।





पश्चिम बंगाल में खेती किया जाने वाला क्षेत्रफल तमिलनाडु में खेती किये जाने वाले क्षेत्रफल की तुलना में कितना प्रतिशत अधिक है?

1. 37.5%
2. 25%
3. 50%
4. 30%

Correct Option - **1**

**Que. 85** **निर्देश:** निम्न वृत्त आलेख भारत में मोबाइल निर्माता कंपनियों के बारे में जानकारी दर्शाता है। निर्मित मोबाइल फ़ोन इकाइयों की कुल संख्या 12,40,000 है।




कंपनी 'DEF' द्वारा कितनी मोबाइल फ़ोन इकाई निर्मित की गयी?

1. 1,24,000
2. 62,000
3. 31,000
4. 15,600

Correct Option - **2**

**Que. 86** O2 का उपयोग करके पाइरूवेट का टूटना _______ में होता है।

1. लाइसोसोम

Adda247
GET IT ON Google Play

2. केंद्रक
3. रिक्तिका
4. सूत्रकणिका

Correct Option - **4**

**Que. 87** निम्नलिखित में से कौन सा देश चार बार ICC अंडर -19 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाला एकमात्र देश है?

1. न्यूज़ीलैण्ड
2. दक्षिण अफ्रीका
3. ऑस्ट्रेलिया
4. भारत

Correct Option - **4**

**Que. 88** निम्नलिखित में से किस संख्या का वर्गमूल एक अपरिमेय संख्या है?

1. 11025
2. 6025
3. 9025
4. 3025

Correct Option - **2**

**Que. 89** अपने अंग्रेजी उपन्यास 'द ब्लैक हिल' के लिए 2017 साहित्य अकादमी पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया था?

1. विक्रम सेठ
2. चेतन भगत
3. अमिताव घोष
4. ममंग दाई

Correct Option - **4**

**Que. 90** $(7^{95} - 3^{58})$ द्वारा प्रदर्शित संख्या के इकाई स्थान का अंक क्या है?

1. 6
2. 7
3. 0
4. 4

Correct Option - **4**

**Que. 91** एक समचतुर्भुज की एक भुजा और दो विकर्णों में से एक की लंबाई 6 सेमी प्रत्येक है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिये। (सेमी$^2$ में)

1. $27\sqrt{3}$
2. 18
3. $9\sqrt{3}$
4. $18\sqrt{3}$

Correct Option - **4**

Adda247
GET IT ON Google Play

**Que. 92** अनुपात 75 : 125 का सरलतम रूप क्या है?

1. 3 : 5
2. 5 : 3
3. 2 : 3
4. 3 : 2

Correct Option - **1**

---

**Que. 93** निम्नलिखित में से कौन सा आघातवर्धनीय और तन्य है?

1. फास्फोरस
2. सल्फर
3. कार्बन
4. तांबा

Correct Option - **4**

---

**Que. 94** श्रव्य सीमा से नीचे की आवृत्तियों वाली ध्वनि तरंगों को ________ कहा जाता है।

1. पराश्रव्य
2. अपश्रव्य
3. पराध्वनिक
4. इनमे से कोई नहीं

Correct Option - **2**

---

**Que. 95** भारत के इनमें से किस केंद्रीय मंत्री ने कुशल स्वस्थ जीवन जीने हेतु योग के माध्यम से लोगों को जोड़ने के लिए मोबाइल एप 'सेलिब्रेटिंग योगा' शुरू किया?

1. महेश शर्मा
2. हर्ष वर्धन
3. जगत प्रकाश नड्डा
4. स्मृति इरानी

Correct Option - **2**

---

**Que. 96** एक गेंद को 80 m की ऊंचाई से गिराया जाता है। तो चौथे सेकंड में इसके द्वारा तय की गई दूरी ________ होगी। ($g = 10 m/s^2$ लें)

1. 50 m
2. 15 m
3. 80 m
4. 35 m

Correct Option - **4**

---

**Que. 97** 5 - 8% एसिटिक एसिड को कहा जाता है:

1. ग्लासिएल एसिटिक एसिड
2. सिरका

3. एस्टर
4. इथेनॉल

Correct Option - **2**

**Que. 98** यदि P की वर्तमान आयु 15 वर्ष है और 6 वर्षों के बाद Q की आयु 26 वर्ष होगी, तब उनकी वर्तमान आयु का अनुपात क्या है?

1. 4 : 1
2. 3 : 4
3. 2 : 1
4. 2 : 3

Correct Option - **2**

**Que. 99** निम्न प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो तर्क I और II दिए गये हैं। दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और तय कीजिए कि, निम्नलिखित तर्कों में से कौन से तर्क सबल हैं।

**कथन**:

क्या 21वीं सदी के किशोर तनाव में हैं?

**तर्क**:

I. हां, किशोरों की धारणा यह है कि वे सब में सफल या अच्छा होने की उम्मीद करते हैं। असफलता सीखने के अवसर के रूप में देखे जाने की बजाय स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य होती देखी जा रही है।

II. नहीं, तनाव एक सापेक्ष धारणा है जिसे उचित मार्गदर्शन के साथ प्रबंधित किया जा सकता है।

1. केवल तर्क II सबल है
2. दोनों तर्क I और II सबल हैं
3. केवल तर्क I सबल है
4. न तो तर्क I और न ही II सबल है

Correct Option - **2**

**Que. 100** 24 मार्च 2006 के दिन का नाम ज्ञात कीजिए।

1. सोमवार
2. शुक्रवार
3. बुधवार
4. रविवार

Correct Option - **2**

Adda247